गोलीकांड ▸ कैमोर में भाजपा नेता की हत्या के मामले में बनाए गए आठ आरोपी, किसी ने की रैकी तो किसी ने उपलब्ध कराई थी पिस्टल

# भाजपा नेता हत्याकांड : अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

**नवभारत, कटनी।** जिले के कैमोर में हुई भाजपा नेता नीलेश उर्फ नीलू रजक की हत्या के मामले में पुलिस ने अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्याकांड में आठ आरोपी शामिल है, जिनमें से तीन आरोपी अभी भी फरार चल रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम उनके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है, फिलहाल फरार आरोपियों के संबंध में पुलिस को ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर आरापियों को गिरफ्तार किया जा सके।

शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि पकड़े गए पांचरों आरोपियों ने मिलकर हत्याकांड की इस साज़िश को अंजाम दिया था, जिससे कैमोर में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति भी





बनी थी। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अकरम खान (28), इमेनुअल जोसेफ उर्फ प्रिंस (19), सलीम खान उर्फ चच्चा, मोहम्मद जैद अजहरी और हर्ष सिंह शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला था कि हर्ष सिंह ने ही गोलकांड में उपयोग की गई पिस्टल आरोपियों को उपलब्ध कराई थी, वहीं पकड़ा गया सलीम खान उर्फ चच्चा और मोहम्मद जैद अजहरी ने नीलू रजक की हर गतिविधि पर नजर रखी और रैकी की थी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में आठ आरोपी शामिल है। सभी ने मिलकर इस गोलीकांड की साजिश रची थी। पुलिस आरोपियों से अन्य आरोपियों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस मामले में फरार तीन आरोपी अमन खान, लकी अंसारी और छोटू सिंह की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है,

गौरतलब है कि 28 अक्टूबर को कैमोर में उस समय दहशत फैल गई, जब दो नकाबपोश बदमाशों ने भाजपा नेता नीलू रजक की सरेआम गोलीमार कर हत्या कर दी थी। जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया, लोग गुस्से में सड़कों पर उतर आए, और प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करना पड़ा था। इस मामले में पुलिस ने अकरम खान और इमेनुअल जोसेफ को बहोरीबंद थाना क्षेत्र के कजरवारा गांव से पकड़ा था। आरोपियों से पूछताछ के बाद इस मामले में अन्य युवकों को भी आरोपी बनाया गया है। जिसमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार चल रहे हैं।

आरोपियों को पकड़ने में कैमोर थाना प्रभारी आशीष शर्मा, बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया, विजयराघवढ़ थाना प्रभारी विजयराघवगढ रीतिश शर्मा, बस स्टैंड चौकी प्रभारी एसआई सिद्दार्थ राय, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी एसआई अरुणपाल सिंह, एनकेजे थाना प्रभारी एसआई रूपेन्द्र राजपूत, एसआई अनिल कुमार पांडेय, विनोद दाहिया, नवीन नामदेव, योगेश मिश्रा, एएसआई अखिलेश कुमार मिश्रा, हुकुम सिंह, श्यामलाल श्रीवास, प्रधान आरक्षक संतोष कटारिया, आरिफ, चंद्रभान विश्वकर्मा, आरक्षक अजीत तिवारी, अंकुल बागरी, सौरभ कुमार, विनोद कुमार, विकास पुरी गोस्वामी, विकास सिंह, विक्रम सिंह, नीलेश दुबे, कृष्णप्रकाश गुप्ता, राकेश, उमाकांत सिंह, महिला आरक्षक प्रिया सिंह, सुशील, सुनीला सायबर सेल सेल से आरक्षक अजय, सतेन्द्र, शुभम, चंदन की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और विजयराघवगढ़ एसडीओपी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में की गई है।

## नगर निगम में लगे अग्निशमन यंत्रों की कराई गई रिफलिंग

**नवभारत, कटनी।** किसी भी संभावित अग्नि दुर्घटना के दौरान तत्काल प्रभाव से नियंत्रण के लिए निगम कार्यालय में लगाए गए फायर सिलेंडर की वैधता तिथि बीत जाने संबंधी सूचना का नगर निगम तपस्या परिहार द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को इस संबंध मे आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। फायर निरीक्षक शैलेन्द्र दुबे ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन मे विभाग द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए कार्यालय में लगाए गए फायर सिलेंडरों की वैधता अवधि की जांच कराते हुए उनकी रिफलिंग का कार्य कराया गया। रिफलिंग के बाद फायर सिलेंडरों की नवीन वैधता तिथि अब 11 अगस्त 2026 हो गई है। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन यंत्रों से आगू बूझाने में काफी मदद मिलती है।

## एक नजर में

### ई केवाईसी नहीं कराने पर सचिवों और रोजगार सहायकों का रोका गया वेतन

**नवभारत, कटनी।** ई-केवाईसी के अभाव में केंद्र सरकार और राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से आमजन वंचित न रहे इसके लिए जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शत प्रतिशत ई- केवाईसी कार्य पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी अनुक्रम में ई केवाईसी कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नरेंद्र सिंह ने ई-केवाईसी कार्य की प्रगति 75% से कम होने पर पांच ग्राम पंचायत के सचिवों और चार ग्राम पंचायत के ग्राम रोजगार सहायकों के माह अक्टूबर 2025 के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। जिला पंचायत द्वारा बार-बार निर्देश देने के बाद भी ग्राम पंचायत इमलाज के सचिव राजकुमार श्रीवास, तिलगवा के सचिव शिवकुमार यादव और सुदर्शन राजभर, कैमोरी के सचिव सुदामा प्रसाद यादव और जीआरएस कृष्णकांत मिश्रा, रैपुरा के सचिव राजेंद्र प्रसाद तिवारी एवं जीआरएस मनीष कुमार गौतम, बरजी के जीआरएस रामविशाल पटेल, करैहया नंबर 1 के जीआरएस शिवदयाल पटेल द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध ईकेवाईसी कार्य 75% से कम कार्य किया गया है। जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अन्य ग्राम पंचायतों के सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध भी अपेक्षित प्रगति नहीं लाई जाने पर वेतन रोके जाने की कार्रवाई किए जाने के लिए कहा गया है।

### राजस्व अधिकारी को बनाया गया प्राधिकृत अधिकारी

**नवभारत, कटनी।** निगमायुक्त द्वारा करयोग्य संपत्ति मूल्य का निर्धारण नियम 2020 के तहत कार्रवाई करने के लिए नगर निगम राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है। उनके द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वाहन किया जाएगा।

# कार्य में सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता का रखें ध्यान

▸ नगर निगम आयुक्त ने किया पीएम अवासों का निरीक्षण

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तनस्या परिहार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के अन्तर्गत प्रेमनगर खिरहनी क्षेत्र में चल रहे विद्युतीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य में गति लाने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि हितग्राहियों को सुचारू विद्युत आपूर्ति और प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का



विशेष ध्यान रखने की बात भी कही। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त नें निर्देशित किया कि शासन मंशानुरूप योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए नवीन योजना के लिए स्थल चयन की कार्रवाई जल्द पूरा कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। नगर निगम आयुक्त ने प्रेम नगर में निर्मित दुकानों की नीलामी की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी अधिकारियों से ली और शेष दुकानों की नीलामी की कार्रवाई जल्द पूरा करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि जेके गुप्ता, योजना के कंसलटेंट मनीष सिंह सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और क्षेत्रीय इंजीनियर की मौजूदगी रही।

# बहुप्रतिक्षित दायीं तट नहर परियोजना को जनवरी तक पूरा करने का दावा

▸ कलेक्टर ने किया निरीक्षण, तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए

**नवभारत, कटनी।** जिले सहित पांच जिलों की सिंचाई व्यवस्था में बदलाव लाने वाली अपर नर्मदा बरगी दायीं तट नहर परियोजना अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। मात्र 630 मीटर टनल खुदाई शेष होने के साथ ही यह बहुप्रतीक्षित परियोजना जनवरी 2026 तक पूरी होने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। कलेक्टर ने स्लीमनाबाद टनल स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और युद्धस्तर पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार आकाशदीप नामदेव, कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहज



श्रीवास्तव, एसडीओ द्वय नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण दीपक मंडलोई, दिलीप सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने अंडरग्राउंड लोको ट्रेन से करीब 7 किलोमीटर तक टनल में जाकर टनल की खुदाई करने वाली टीबीएम मशीन द्वारा खुदाई स्थल तक पहुंचकर निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण सहज श्रीवास्तव ने बताया कि दायीं तट नहर का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद कटनी जिले की 21 हजार 823 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। जबलपुर से सतना जिले तक टनल की लंबाई करीब 11 हजार 953 मीटर रूपांकित है, जिसमें से मात्र 630 मीटर टनल की ही खुदाई किया जाना शेष है। इस दायीं तट नहर से मैहर के 54 हजार 227 हेक्टेयर कृषि भूमि, सतना जिले के 1 लाख 4 हजार 990 हेक्टेयर भूमि, पन्ना जिले के 448 हेक्टेयर भूमि, रीवा जिले के 3 हजार 84 हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलाकर इस टनल के पूर्ण होने के बाद करीब 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी।

प्रोजेक्ट मैनेजर उग्रसेन सिंह ने बताया कि टनल की खुदाई में पानी के तेज रिसाव, कैविटी की वजह से टीबीएम मशीन के परिचालन में तकनीकी दिक्कत आती है, जिससे कई बार कटर क्षतिग्रस्त हो जाता है और कटर को बदलने में भी समय लगता है। टनल खनन निरीक्षण के पहले कलेक्टर ने स्लीमनाबाद में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सॉफ्ट कार्य का भी निरीक्षण किया, कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

# रिटायरमेंट के बाद दोबारा संविदा पर दी नियुक्ति, वेतन भी पहले जैसा

▸ रीठी जनपद पंचायत का मामला भ्रष्टाचार के आरोप, जांच की मांग

**नवभारत, रीठी।** जनपद पंचायत रीठी में रिटायर्ड असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर अवधेश मिश्रा की संविदा नियुक्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अवधेश मिश्रा को सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया गया था, लेकिन उन्होंने जनपद की सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित करवा कर अपनी नियुक्ति एक और वर्ष के लिए बढ़ा ली। चर्चा यह भी है कि यह





प्रस्ताव जनपद सदस्यों को आर्थिक प्रलोभन देकर पारित करवाया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रिटायरमेंट के बाद संविदा पर नियुक्ति के बावजूद उन्हें वही 87 हजार के लगभग का वेतन मिल रहा है, जो उन्हें सेवा काल के दौरान प्राप्त होता था। सूत्रों के अनुसार इस भुगतान के संबंध में न तो किसी वैध आदेश की प्रति सूचना के अधिकार में उपलब्ध कराई गई है न ही सीएम हेल्पलाइन में की गई बार-बार की शिकायतों का अब तक कोई समाधान हुआ है। बताया जाता है कि वर्तमान सीईओ रीठी आरएन सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद कुछ महीनों के लिए अवधेश मिश्रा का वेतन रोक भी दिया था, लेकिन जांच दल गठित होने के बाद दोबारा वेतन भुगतान शुरू कर दिया गया। इससे यह संदेह गहराता जा रहा है कि कहीं न कहीं उच्च स्तर से दबाव बनाकर यह भुगतान कराया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर एक रिटायर्ड अधिकारी को संविदा पर नियुक्त किए जाने के बाद भी सेवानिवृत्ति कालीन वेतन क्यों और कैसे दिया जा रहा है। यह भुगतान वैध है तो उसके आदेश की प्रति क्यों छिपाई जा रही है। जनपद पंचायत में इस पूरे प्रकरण ने पारदर्शिता और प्रशासनिक ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायतों के बावजूद जिला पंचायत और सीएम हेल्पलाइन दोनों ही स्तरों पर मौन रहना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसा माना जा रहा है।

# शिविर लगाकर की गई आंखों की नि :शुल्क जांच

▸ मानव जीवन विकास समिति ने बिजौरी में कराया आयोजन

**नवभारत, कटनी।** मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व ने सुख सागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर और द्वारिकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में कटनी जिले के बड़वारा ब्लॉक के ग्राम बिजौरी में कुंवर विजेंद्र सिंह की याद में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित बिजौरी के आसपास 10 गांव से 50 लोगों ने लाभ लिया। शिविर



के दौरान आप्टोमेट्रिक्स दृष्टिदोष विशेषज्ञ पवन कुमार यादव सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल जबलपुर के द्वारा अपनी टीम के सहयोग से मोतियाबिंद, कांचियाबिन्द, रेटीना पर्दा, फ्रेक्चर, नाखूना, ट्यूमर कैंसर, अक्सूर, भैंगापन सहित आंख संबंधी अन्य बीमारियों की जांच कर 20 लोगों को चश्मा दिया। 15 लोगों को ड्राप दिया गया और 15 लोगों को मोतियाबिंद होने से जबलपुर हॉस्पिटल भेजवाया गया। वहां पर आयुष्मान योजना अंतर्गत नि:शुल्क ईलाज और ऑपरेशन किया जाएगा।

# सोलर लाइट खरीदने में अनियमितता, होगी वसूली

▸ सोलर लाइट खरीदी में वित्तीय अनियमितता पर की गई सुनवाई

**नवभारत, कटनी।** बहोरीबंद जनपद पंचायत की 10 ग्राम पंचायतों के द्वारा मध्यप्रदेश भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट क्रय करने पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने जीरो टॉलरेंस की नीति के मद्देनजर ग्राम पंचायतों में की जा रही वित्तीय अनियमितताओ के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों के तत्कालीन सरपंच और सचिव पटना द्वारा आठ नग सोलर लाइट 2,64,000 रुपए, मसंधा 3 सोलर लाइट 99000 रुपए, पहरुआ 6 नग 2,10,000 रुपए, पोड़ी तीन नग 99000 रुपए, बुधनवारा 11 नग 3,63,000 रुपए, बचैया 7 नग 2,26,000 रुपए, नीमखेड़ा 8 नग 2,80,000 रूपए, सोमाकला पांच नग 1,65,000 रुपए, राखी चार नग 1,34,000 रुपए , निवास 12 नग 3,96,000 रुपए द्वारा नियम विरुद्ध सोलर लाइट खरीदी की जाने पर मध्यप्रदेश पंचायत राज और ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत कार्रवाई किए जाने के संबंध में सुनवाई कर ग्राम पंचायतों का पक्ष सुना। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि ग्राम पंचायतों का पक्ष समाधान कारक नहीं पाए जाने पर 22 लाख 36 हजार रूपए की वसूली की कार्रवाई 10 ग्राम पंचायतों से की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ के समक्ष सुनवाई के दौरान सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा। ग्राम पंचायतों के पक्ष को जिला पंचायत सीईओ द्वारा गंभीरता पूर्वक सुना गया है।

# पटोरी चौराहे में दो मोटरसाईकिलों में आमने-सामने भिड़ंत, चार घायल

▸ ग्रामीणों ने की स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग

**नवभारत, बाकल।** जिले बाकल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पटोरी चौराहा पर शुक्रवार की दोपहर एक बार फिर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दो मोटरसाइकिलों के बीच सीधी भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 112 पुलिस दल मौके पर पहुंचा और



घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घायलों की पहचान सुखदेव सिंह लोधी, मंजू यादव निवासी नन्हे रैपुरा थाना बाकल के रूप में हुई है। अन्य बाइक सवारों को भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पटोरी चौराहे पर तेज़ रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार स्पीड ब्रेकर लगाने और इस स्थल को ब्लैक स्पॉट घोषित करने की मांग प्रशासन से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस चौराहे पर सड़क का मोड़ संकरा होने और दृश्यता कम रहने के कारण वाहनों की भिड़ंत की आशंका बनी रहती है। बावजूद इसके, न तो ट्रैफिक संकेतक लगाए गए हैं और न ही सड़क पर कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। स्थानीय निवासी नंदकिशोर लोधी ने बताया कि यह स्थान दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात हो गई है। हर महीने कोई न कोई हादसा होता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी तब ही जागते हैं जब कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पटोरी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने और संकतेक लगाने की मांग की है।

बैठक ▸ नगर निगम के जलप्रदाय विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं के कार्यों की आयुक्त ने की समीक्षा

# खराब गुणवत्ता वाले कार्यों की सूची बनाकर दोबारा करवाएं रेस्टोरेशन का कार्य

**नवभारत, कटनी।** माधव नगर में निर्माणाधीन सीवर ट्रीटमेंट प्लांट एक के शेष कार्य को जल्द पूरा पूर्ण कराने के लिए निर्धारित प्लान अनुरूप श्रमिकों और आवश्यक संसाधनों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य को जल्द शुरू कराया जाए। निर्धारित समय-सीमा में बचे हुए सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराएं, नहीं तो जुर्माना कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। ये बातें नगर निगम अयुक्त तपस्या परिहार ने नगर निगम के जलप्रदाय शाखा के माध्यम से संचालित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों से कहीं हैं। बैठक में निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा आगामी 20 दिन में



एसटीपी 1 के सिविल वर्क को पूरा किए जाने की जानकारी दी गई। जिसपर आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्य के संबंध में नगर निगम की ओर से किसी भी प्रकार की लेटलतीफी नहीं की गई है। पर्याप्त टीम और संसाधन लगाकर एसटीपी का सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल का कार्य समय-सीमा में पूरा करें। नहीं तो जुर्माना कार्रवाई करते हुए भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने शहर के विभिन्न स्थलों के रोड रेस्टोरेशन कार्य की समीक्षा के दौरान नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि जिन स्थलों में पाईप लाईन विस्तार के बाद मोटरेबल का कार्य पूरा हो गया है वहां पर जल्द से जल्द रेस्टोरेशन का कार्य शुरू कराएं। शहर के मुख्य मार्ग जबलपुर रोड, अमीरगंज, इंड्रस्टियल एरिया सहित अन्य मार्गो में 10 नवंबर तक रेस्टोशन का कार्य गुणवत्ता के साथ शुद्ध किया जाए। आयुक्त ने यह भी कहा कि जिन वार्डो में पेयजल सप्लाई की पाइप लाईन के विस्तार का कार्य होना शेष है वहां के रेस्टोरेशन कार्य के लिए आपसी समन्वय से साथ कार्य करें, ताकि बार-बार रोड कटिंग नहीं की जाए और लोगों को आवागमन में भी असुविधा नहीं। आयुक्त ने शहर के विभिन्न वार्डो में कराए गए रेस्टोरेशन कार्य की जांच कराते हुए खराब गुणवत्ता वाले कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए उसका दोबार रेस्टोरेशन कराने के लिए पत्र जारी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त द्वारा सीवरेज के लिए पाईपलाईन विस्तार के शेष कार्य की समीक्षा कर बचे हुए कार्य को पूरा कराने की पेंच बाई पेंच प्लानिंग तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने कहा कि लोगों के सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए पूरे मार्ग को बंद कर कार्य नहीं किया जाए। जिन भी स्थलों पर कार्य किया जाना है उन स्थलों का चिन्हांकन पहले से कर नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और मार्किंग की कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि निर्माण स्थल के आसपास से किसी भी व्यक्ति या वाहन का आवागमन नहीं हो।

# मोबाइल एप के माध्यम से होगी डिजीटल जनगणना

**नवभारत, कटनी।** भारत की जनगणना 2027 एक ऐतिहासिक पहल के रूप में देश की प्रथम डिजिटल जनगणना का पूरा कार्य पारंपरिक कागजी प्रक्रिया के बजाय मोबाइल एप के माध्यम से डिजिटल रूप से संपादित किया जाएगा। पूर्व की भांति जनगणना 2027 दो चरणों में सम्पन्न होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने आगामी 2027 जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आदेश जारी कर नगर जनगणना अधिकारी और जोनल चार्ज जनगणना अधिकारियों की नियुक्ति कर निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार जनगणना कार्यों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त शैलश गुप्ता को वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक नगर जनगणना अधिकारी बनाया गया है।


